कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.01.2025

विषयः- दुष्कर्म व गर्भपात कारित कराने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त शुभम शर्मा को थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0021/2025 धारा 376,313 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त शुभम शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी ग्राम कुरु थाना बड़ागाँव कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक 17.01.2025 को समय करीब 10.30 बजे फैटासिया वाटर पार्क के पास रिंग रोड शिवपुर वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 15/01/2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने विपक्षी शुभम शर्मा द्वारा प्रार्थिनी को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने, जबदस्ती दो बार गर्भपात करवाने तथा बाद में शादी से इंकार कर देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-0021/2025 धारा 376/313 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रशान्त पाण्डेय द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शुभम शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी ग्राम कुरु थाना बड़ागाँव कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- फैटासिया वाटर पार्क के पास रिंग रोड शिवपुर वाराणसी से, दिनांक-17.01.2025 को समय करीब 10.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0021/2025 धारा 376,313 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 प्रशान्त पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- हे0का0 हरिशंकर पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।